पीडब्ल्यूआर

पीआर नंबर 71770

सुपरमाइक्रो एक लास वेगास

सुपरमाइक्रो ने नए ऑल–फ्लैश 1यू सर्वर का अनावरण किया जो सैमसंग के नेक्स्ट जनरेशन स्मॉल फॉर्म फैक्टर (एनजीएसएफएफ) स्टोरेज के साथ 300 फीसदी बेहतर स्टोरेज डेंसिटी देता है

लास वेगास, 8 जनवरी, 2018, पीआरन्यूजवायर– एशियानेट।

– 16टीबी तक की क्षमता केसाथ नया अल्ट्रा–डेंस 30.5 एमएम गुणा 110 एमएम एनवीमी फ्लैश फॉर्म फैक्टर एसएसडी उद्योग श्रेणी की सेवा क्षमता के साथ बढ़ी हुई स्टोरेज डेंसिटी की पेशकश करती हुए लीगेसी 2.5'' ड्राइव बे को नाकाम करेगा

इंटरप्राइज कंप्यूटिंग, स्टोरेज, नेटवर्किंग समाधानों और ग्रीन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी में वैश्विक अग्रणी कंपनी सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) ने आज एक नए ऑल–फ्लैश एनवीएम (टीएम) (नॉन वोलाटाइल मेमोरी एक्सप्रेस) 1यू सुपरसर्वर का अनावरण किया जो 36 हॉट–स्वैप सैमसंग एनजीएसएफएफ एनवीमी एसएसडी तक को समा लेता है।

फोटो–

https://mma.prnewswire.com/media/625360/Supermicro_all_flash_1U_Storage_Server_supports_36_Samsung_NGSFF_NVMe_SSDs.jpg

1यू सिस्टम में 36 हॉट–स्वैप सैमसंग एनजीएसएफएफ एनवीमी ड्राइव के साथ सुपरमाइक्रो का नया समाधान पेटाबाइट स्तर पर ऑल–एनवीमी क्षमता प्रदान करेगा। फिलहाल यह सर्वर प्रति सिस्टम 288टीबी का सपोर्ट करता है और इस वर्ष बाद में प्रति सिस्टम आधे से ज्यादा पेटाबाइट का सपोर्ट करेगा। एनवीएमी टेक्नोलॉजी सबसे निम्न लेटेंसी प्रदान करने के लिए विकसित किया गया और एडवांस्ड कंप्यूटिंग के लिए तीव्र सीपीयू–टु–डाटा स्टोरेज परफॉर्मेंस की पेशकश करती है। नई सैमसंग एनजीएसएफएफ एसएसडी के लिए अनुकूलित नया सुपरमाइक्रो सिस्टम पूर्व में उपलब्ध ऑल–फ्लैश स्टोरेज सर्वरों के मुकाबले 300 प्रतिशत बेहतर स्टोरेज डेंसिटी देता है जो स्टैंडर्ड (यू.2) एसएसडी का समर्थन करता है।

सुपरमाइक्रो के अध्यक्ष एवं सीईओ चार्ल्स लियंग ने कहा, "अत्याधुनिक सर्वर वास्तुरचनाओं में बाजार अग्रणी के तौर

पर सुपरमाइक्रो फेब्रिक पर एनवीमी एवं आरडीएमए जैसे नए प्रोटोकॉल के महत्व को समझती है जो लीगेसी स्टोरेज फॉर्म फैक्टर्स तथा वास्तुरचनाओं को स्थानांतरित करने के लिए फ्लैश के उत्कृष्ट परफॉर्मेंस गुणों का प्रभावी रूप से लाभ उठाते हैं। एनवीमी और एनजीएसएफएफ के हमारे अधिग्रहण से सुपरमाइक्रो इन एडवांस्ड 'फ्यूचर प्रूफ' समाधानों के साथ बाजार क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस तथा डेंसिटी देते हुए बाजार नेतृत्व प्रदर्शित करना जारी रखती है।"

सैमसंग सेमीकंडक्टर इंक में मेमोरी सेल्स तथा मार्केटिंग के कॉर्पोरेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिम एलियट ने कहा, "हम प्रति सिस्टम 288 टीबी से 576टीबी तक अपने नए एनजीएसएफएफ एनवीमी एसएसडी समाधान को परिष्कृत करने के लिए सुपरमाइक्रो के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि डाटा सेंटर के नीति निर्माता यह देख सकें कि हमारा एनजीएसएफएफ एसएसडी 1यू सिस्टम्स में ऑल–फ्लैश एनवीमी इंटरप्राइज स्टोरेज के लिए सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस पैकेज देता है। सैमसंग की टेक्नोलॉजी अगुवाई नए अनुप्रयोग संचालित करना जारी रखेगी क्योंकि हम एनवीमी एसएसडी बाजार विकास को गति देते हैं जहां सुपरमाइक्रो के साथ मिलकर हम आईओपीएस–इंटेंसिव अनुप्रयोगों के लिए अद्वितीय डेंसिटी तथा परफॉर्मेंस का लाभ प्रदान कर रहे हैं।"

सुपरमाइक्रो के नए ऑल–फ्लैश 36 ड्राइव एनवीमी 1यू सिस्टम में डुएल इंटेल (आर) झियोन (आर) स्केलेबल प्रोसेसर, 24 डीआईएमएम स्लॉट हैं और इसका मानक संवर्द्धित सेवा क्षमता तथा उपलब्धता के लिए अतिरिक्त हॉट–स्वैप कूलिंग फैन, पावर सप्लाई तथा हॉट–स्वैप ड्राइव ट्रे के बराबर है। एक्सेसिबिलिटी के लिए यह समाधान रिमोट सिस्टम ऑन/ऑफ और सिस्टम मैनेजमेंट को सपोर्ट करता है तथा प्रति ड्राइव के लिए रिमोट पावर साइक्लिंग का भी सपोर्ट करता है। इस नए 1यू सर्वर के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:

https://www.supermicro.com/products/system/1U/1029/SSG-1029P-NMR36L.cfm

यह अभिनव हाई–एंड ऑल–फ्लैश 1यू सिस्टम सुपरमाइक्रो के उद्योग प्रमुख स्टोरेज सर्वरों और जेबीओडी उत्पाद लाइनों के व्यापक पोर्टफोलियो की सबसे नई पेशकश है। 1यू, 2यू, 3यू तथा 4यू पेशकशों में एसएएस3 रेड या एचबीए कंट्रोलर के साथ ऑल–फ्लैश एनवीमी, सिंपली डबल, डबल–साइडेट तथा टॉप लोडिंग विकल्प शामिल हैं और इनके जरिये सुपरमाइक्रो आज की सख्त उपभोक्ता जरूरतों को पूरा करने के लिए उद्योग के स्टोरेज उत्पादों का व्यापक चयन प्रदान करती है।

सैमसंग एनजीएसएफएफ एसएसडी के साथ नए सुपरमाइक्रो 1यू सिस्टम को लास वेगास में आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदर्शित करने वाले प्राइवेट सैमसंग ग्राहक प्रदर्शनी के दौरान दिखाया जाएगा जो कस्टमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) 2018 के साथ ही 9 से 11 जनवरी को आयोजित होगी।

सुपरमाइक्रो के स्टोरेज उत्पाद लाइन के बारे में समग्र जानकारी के लिए कृपया देखें

https://www.supermicro.com/products/nfo/storage.cfm.

सुपरमाइक्रो की ताजा खबरों तथा घोषणाओं के बारे में जानकारी पाने के लिए इसे फेसबुक (https://www.facebook.com/Supermicro) और ट्विटर (http://twitter.com/Supermicro_SMCI) पर फॉलो करें।

सुपरमाइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) के बारे में

उच्च निष्पादन तथा उच्च प्रभावशीलता वाली सर्वर टेक्नोलॉजी में अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी सुपरमाइक्रो (आर) (नास्दैक, एसएमसीआई) पूरी दुनिया में डाटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरप्राइज आईटी, हडूप–बिग डाटा, एचपीसी तथा एम्बेडेड सिस्टम्स के लिए एडवांस्ड सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस (आर) की एक शीर्ष प्रदाता कंपनी है। सुपरमाइक्रो अपनी ''वी कीप आईटी ग्रीन (आर)'' मुहिम के जरिये पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और ग्राहकों के लिए बाजार में उपलब्ध सबसे ऊर्जा प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधान पेश करती है।

सुपरमाइक्रो, सुपरसर्वर, सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस और वीकीप आईटी ग्रीन सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. के व्यापार चिह्न और या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।

अन्य सभी उत्पाद और सेवा नाम संबंधित कंपनियोंके स्वामित्व के व्यापार चिह्न हैं।

एसएमसीआई–एफ

स्रोतः सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.

संपर्कः माइकल केलोद्रिच, सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.

MichaelKalodrich@supermicro.com

पीआरन्यूजवायर– एशियानेटः रंजन